आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.11.2024 समय : 1905

- भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए आयोजित द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय एवं समुद्री जैव विविधता पर प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हो गया।
- कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।
- भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
- अंडमान निकोबार पुलिस ने स्मिशिंग पर लोगों के लिए परामर्श जारी किया है।
- प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बारह ज्योतिर्लिंगम दर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की ओर से भारतीय वन सेवा अधिकारियों के लिए द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र के तटीय एवं समुद्री जैव विविधता पर आयोजित एक सप्ताह का अनिवार्य प्रशिक्षण पाठ्यक्रम का समापन हो गया। यह प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पर्यावरण एवं वन विभाग के सहयोग से आयोजित किया गया। इसमें विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से कुल इक्कीस वरिष्ठ स्तर के भारतीय वन अधिकारियों ने भाग लिया। समापन समारोह में पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की निदेशक डॉ. धृति बैनर्जी, मुख्य अतिथि थीं। अपने संबोधन में उन्होंने प्रतिभागियों को प्रशिक्षण पाठ्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए बधाई दी। निदेशक ने हमारे देश की समुद्री जैव विविधता संपदा के संरक्षण में अधिक जागरूकता पैदा करने के लिए इस तरह के एक महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम का संचालन करने के लिए भारतीय प्राणी सर्वेक्षण की सराहना की। उन्होंने भारत में समुद्री जैव विविधता पर विभाग द्वारा किए गए कार्यों पर प्रकाश डाला। इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र और जैव विविधता की रक्षा और संरक्षण के लिए आवश्यक जानकारी देना था। यह प्रशिक्षण सैद्धांतिक शिक्षा, केस स्टडीज और व्यावहारिक अभ्यासों के संयोजन के माध्यम से प्रतिभागियों को तटीय क्षेत्रों, छोटे द्वीपों और समुद्री संरक्षित क्षेत्रों में समुद्री पर्यटन के विकास और प्रबंधन के लिए

आवश्यक दक्षता प्रदान करने के लिए भी डिज़ाइन किया गया है। प्रशिक्षुओं ने भारत में समुद्री जैव विविधता संरक्षण के महत्व और क्षेत्र अधिकारियों के ज्ञान को बढ़ाने के लिए नियमित आधार पर इस तरह के प्रशिक्षण की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्थानीय समुदायों की आजीविका, वनों और जैव विविधता पर ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के बारे में बताया। इसमें विभिन्न राज्यों से आए अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

<><><><><><><>

कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने और महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार द्वीपसमूह के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कल अट्टम पहाड़ स्थित वर्किंग वूमन हॉस्टल में कानूनी जागरूकता शिविर का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों के बारे में जानकारी प्रदान करना और उन्हें जीवन की चुनौतियों का आत्मविश्वास और सम्मान के साथ सामना करने के लिए तैयार करना था। शिविर का नेतृत्व उप–मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अर्काब्रती नियोगी और उप–न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–द्वितीय अनुपम सरकार ने किया। शिविर के दौरान, वक्ताओं ने महिलाओं को कानूनी सेवा संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के बारे में विस्तार से बताया। इसमें घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर उत्पीड़न, संपत्ति अधिकार, वैवाहिक विवाद और महिलाओं के अधिकारों के अन्य उल्लंघन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर निःशुल्क कानूनी सहायता, परामर्श और मार्गदर्शन शामिल है। वक्ताओं ने महिलाओं के लिए समानता, न्याय और सुरक्षा सुनिश्चित करने में कानूनी सशक्तिकरण की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। उन्होंने प्रतिभागियों से अपने अधिकारों की रक्षा के लिए प्राधिकरण और अन्य संस्थानों द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं का लाभ उठाने को कहा।

<><><><><><><>

भारतीय वनस्पति सर्वेक्षण की ओर से हाल ही में धन्नीखाड़ी स्थित प्रायोगिक उद्यान–सह–अर्बोरेटम में 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत भारतीय प्राणी सर्वेक्षण विभाग की निदेशक डॉ. धृति बैनर्जी ने कॉफी परिवार की पौधों की प्रजाति, पायरोस्ट्रिया लालजी के पौधे रोपे, जो इस द्वीप में भारत की पायरोस्ट्रिया प्रजाति का पहला रिकॉर्ड है। डॉ. बैनर्जी ने विभाग के वैज्ञानिकों के साथ भी बातचीत की और द्वीपसमूह की वनस्पति विविधता पर चर्चा की। अपर निदेशक एवं क्षेत्रीय प्रमुख डॉ. लाल जी सिंह ने अपने दौरे के दौरान पर्यावरण को बचाने के लिए द्वीपसमूह की पुष्प विविधता के संरक्षण पर प्रायोगिक उद्यान की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर भारतीय प्राणी सर्वेक्षण के वैज्ञानिक डॉ. सी. रघुनाथन, डॉ. तमाल मंडल सहित

अन्य लोगों ने कई स्थानिक, दुर्लभ और लुप्तप्राय पौधों की प्रजातियों जैसे निकोबारी पाम, मैंगो, मैकरंगा, मैलोटस, स्टर्कुलिया और कई अन्य पेड़ों के पौधे रोपे।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार पुलिस ने स्मिशिंग पर लोगों के लिए परामर्श जारी किया है। पुलिस ने बताया कि साइबर अपराधी मालवेयर इंस्टॉल करने वाले या व्यक्तिगत और बैंकिंग विवरण चुराने वाले लिंक पर क्लिक करने के लिए संदेश भेजते हैं। ऐसा देखा गया है कि साइबर अपराधी बिजली के बिल के नाम पर लोगों को ठगते है। एस एम एस का उपयोग करके धोखाधड़ी किया जा रहा है। अपराधी लोगों को बिजली के बिल से संबंधित गलत संदेश भेजकर उनसे बैंक खाता विवरण साझा करने की मांग करते हैं। पुलिस ने संदिग्ध व्यक्तियों से अपना फोन नम्बर साझा न करने, अनौपचारिक स्रोतों से सॉफ्टवेयर डाउनलोड करने से बचने, अनावश्यक ऐप को हटाने, संदेश से जुड़ी वेबसाइट पर जानकारी न देने और संदेहपूर्ण संदेश में दिए गए लिंक पर क्लिक न करने की सलाह दी है। किसी भी प्रकार की सहायता या जानकारी और पूछताछ के लिए साइबर अपराध पुलिस थाना या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नम्बर एक नौ तीन शून्य या साइबर क्राइम डॉट जी ओ वी डॉट कॉम पर संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

प्रजापिता ब्रहमाकुमारीज़ ईश्वरीय विश्वविद्यालय की ओर से बारह ज्योतिर्लिंगम दर्शन के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कल से बीस नवम्बर तक शाम पांच बजे से रात्रि नौ बजे तक छोलदारी के सामुदायिक हॉल में कार्यक्रम रखा गया है। ज्योतिर्लिंगम दर्शन के अलावा राजयोग प्रदर्शनी, ध्यान और विभिन्न विषयों पर जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सामान्य जीवन में शांति और खुशी का अनुभव कराना है। इसके बाद नयाबस्ती आंगनवाड़ी केन्द्र में इक्कीस से तेईस नवम्बर तक शाम चार बजे से पांच बजे तक विशेष राजयोग ध्यान पाठ्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। इसके लिए प्रवेश निशुल्क है।

<><><><><><><>

नील केन्द्र ग्राम पंचायत प्रधान पिंकी दास और सदस्य काजल दास ने शहीद द्वीप निवासी आशीष गाइन के निधन पर शोक प्रकट किया है। इनका कल निधन हो गया। वे तिरसठ वर्ष के थे।

<><><><><><><>

चेन्नई की भर्ती कार्यालय मुख्यालय की ओर से द्वीपसमूह में सेना में भर्ती के लिए रैली का आयोजन किया जाएगा। श्री विजयपुरम के नेताजी स्टेडियम में इस महीने की छब्बीस से तीस तारीख तक रैली का

आयोजन होगा। भर्ती में शामिल होने वाले उम्मीदवारों के लिए प्रस्तुत किए जाने वाले दस्तावेजों की सूची www.jointindianarmy.nic.in पर उपलब्ध है। फॉर्मेट भी उपलब्ध कराया गया है। आधे–अधूरे दस्तावेजों के साथ रैली में आने वाले उम्मीदवारों को भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**<><><><><><><>**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय की टर्म एंड परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिया गया है। उम्मीवार इग्नू की वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड कर सकते हैं। यदि उम्मीदवारों को प्रवेश पत्र डाउनलोड करने में कोई समस्या आती है तो वे इग्नू के क्षेत्रीय केन्द्र से सीधे या मेल पर संपर्क कर सकते हैं। परीक्षा दो दिसम्बर से सभी आठ परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जाएगी।

**<><><><><><><>**